# कक्षा 1 में प्रवेश हेतु उपयुक्त आयु

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

**कक्षा 1 में प्रवेश** लेने की उपयुक्त आयु का मुद्दा भारत में लंबे समय से बहस का वषिय रहा है।

- मार्च 2022 तक 14 राज्य तथा केंद्रशासति प्रदेश ऐसे थे, जो **छह वर्ष से कम आयु** के बच्चों को कक्षा 1 में प्रवेश की अनुमतदिते थे।
- हालाँकि केंद्र सरकार ने हाल ही में नई शिक्षा नीति (NEP) 2020 के तहत सभी राज्यों तथा केंद्रशासति प्रदेशों में कक्षा 1 के लिये प्रवेश की **न्यूनतम आयु छह वर्ष करने का आदेश दिया** है।

## NEP 2020 में कक्षा 1 में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु क्या है?

- नई नई शिक्षा नीति 3-8 वर्ष (मूलभूत चरण), **8-11 वर्ष (प्रारंभिक चरण), 11-14 वर्ष (मध्यम चरण) और 14-18 वर्ष (माध्यमिक चरण)** के आयु समूहों के अनुरूप औपचारिक स्कूली शिक्षा के लिये "5+3+3+4" की रूपरेखा पर ज़ोर देती है।
    - यह प्रारंभिक बचपन की शिक्षा (जैसे **3 से 5 वर्ष** की आयु के बच्चों के लिये **प्रीस्कूल शिक्षा** के रूप में भी जाना जाता है) को औपचारिक स्कूली शिक्षा के दायरे में लाती है।
- इसका अर्थ यह है कि तीन वर्ष की प्रारंभिक बचपन की शिक्षा पूरी करने के बाद कक्षा 1 में प्रवेश के लिये **बच्चे की उम्र 6 वर्ष होनी चाहिये।**

## नोट:

- शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009, **6-14 वर्ष की आयु** तक शिक्षा की गारंटी देता है।
    - इसका अर्थ यह है कि एक बच्चे से 6 वर्ष की उम्र में प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 1) शुरू करने की उम्मीद की जाती है।

## औपचारिक शिक्षा के लिये प्रवेश आयु के विषय में शोध क्या कहता है?

- तुलनात्मक अध्ययन में देखा गया कि न्यूज़ीलैंड में बच्चों के समूह 5 और 7 वर्ष की उम्र में औपचारिक साक्षरता पाठ शुरू करते हैं।
    - जिन बच्चों ने **5 वर्ष की उम्र** में शुरुआत की, उन्होंने पढ़ने के प्रति **कम सकारात्मक दृष्टिकोण दिखाया** और बाद में शुरू करने वालों की तुलना में पाठ की कमज़ोर समझ प्रदर्शित की।
- **प्रवेश आयु को लेकर वैश्विक परिप्रेक्ष्य:**
    - पूर्वी एशिया और अधिकांश यूरोपीय देशों में प्राथमिक विद्यालय के लिये छह वर्ष मानक आयु है।
        - स्कैंडिनेवियाई देशों में औपचारिक शिक्षा सात वर्ष की आयु में शुरू होती है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न. संविधान के निम्नलिखित में से किस प्रावधान का भारत की शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है? (2012)**

1. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत
2. ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकाय
3. पाँचवीं अनुसूची
4. छठी अनुसूची
5. सातवीं अनुसूची

**नम्निलखिति कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनयि:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3, 4 और  5
(c) केवल 1, 2 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर- (d)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/appropriate-age-for-class-1-admission